संख्या -38/2026/445/तीस-3-2026 (1718095)

प्रेषक,

के0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ :: दिनांक :: 12 मार्च, 2026

विषय परिवहन आयुक्त संगठन के विभिन्न श्रेणी के सृजित राजपत्रित पदों की निरन्तरता निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-850 ई/2026-76 ई/86 - 2000-11, दिनांक 28 फरवरी, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि परिवहन आयुक्त संगठन में संलग्न सूची में उल्लिखित विभिन्न श्रेणी के अस्थायी राजपत्रित पदों को श्री राज्यपाल दिनांक 01 मार्च, 2026 से दिनांक 28 फरवरी, 2027 तक, यदि यह पद बिना किसी पूर्व सूचना के इससे पूर्व ही समाप्त न कर दिये जायें, बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. उक्त उल्लिखित पदों पर होने वाले व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-43 के अधीन लेखाशीर्ष "3055-सड़क परिवहन-आयोजनेत्तर-001-निदेशन और प्रशासन-03 अधिष्ठान व्यय" के अंतर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (लेखा) अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-ए-2-2574/दस-98-24 (आठ)/92, दिनांक 02 दिसम्बर, 1998 में प्रदत्त अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

के0पी0 सिंह
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1). महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी (प्रथम), उ0प्र0, प्रयागराज।
(2). संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)।
(3). संबंधित उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), उ0प्र0 (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)।
(4). संबंधित संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), उ0प्र0 (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)।
(5). संबंधित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), उ0प्र0 (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)।
(6). वित्त (लेखा) अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
(7). वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9, उत्तर प्रदेश शासन।
(8). परिवहन अनुभाग-4, उत्तर प्रदेश शासन।
(9). गार्ड फाइल

आज्ञा से,

नितिन कुमार गुप्त
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या -38/2026/445/तीस-3-2026 (1718095) का संलग्नक

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान	पदसृजन संबंधी शासनादेश संख्या एवं दिनांक	अंतिम बार बढ़ाई गई निरन्तरता संबंधी शासनादेश संख्या एवं दिनांक
1	2	3	4	5	6
1	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (साधारण वेतनमान)	36	मैट्रिक्स लेवल-10 तत्सदृश वेतन बैण्ड रू0 15,600-39,100, ग्रेड वेतन रू0 5400	130/2024/3344/ तीस-3-2024, दिनांक 20 दिसम्बर, 2024	14/2025/680/तीस-3-2025, दिनांक 28 मार्च, 2025
2	उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)	03	मैट्रिक्स लेवल-13, तत्सदृश वेतनबैण्ड रू0 37400-67,000, ग्रेड वेतन 8700/-	96/2025/1897/तीस-3-2025, दिनांक 28 जुलाई, 2025	(नव सृजित)

राम जतन
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।